THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) Electronic RLU in partial replacement of '46' exchange has already been commissioned on 13th August, 1990. RLU in partial replacement of '45' exchange is likely to be commissioned in September, 1990.

(b) No, Sir! all the subscribers are not affected. Some are affected due to cable breakdown caused by heavy and incessant rains.

(c) Yes Sir! some of the lines are continuously out of order due to cable faults for fairly long period. Action has been initiated to restore the lines.

(d) There are 32 lines faulty for over one month in Mahesh Dutt Lane of Chetla. All these lines are likely to be restored by the end of September, 1990. Rental rebate for these lines will be included in the billing cycle of November, 1990.

निःशुल्क टेलीफोन कालों की संख्या को घटाया जाना

*292. **श्री मुरलीधर कान्हकांत भंडारे :**
श्री अनन्त राम जायसवाल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जब सरकार ने निःशुल्क टेलीफ़ोन के कालों की संख्या को 275 से घटा कर 150 करने का निर्णय किया था उस समय क्या उन को यह पता था कि टेलीफ़ोन केन्द्रों की तकनीकी खराबियों के कारण आमतौर से सही नम्बर नहीं मिलते और उसी नम्बर को पाने के लिये कई बार नम्बर घुमाना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार तकनीकी खराबियों के कारण गलत नंबरों की प्रतिशत तथा टेलीफ़ोन कालों की बहुत ऊंची दर को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क कालों की संख्या को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी हां, तकनीकी समस्याओं के कारण, सरकार को कुछ गलत कालों की सम्भावना के बारे में जानकारी थी।

(ख) प्रशासनिक स्टाफ़ कालेज द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार तकनीकी कारणों से आरोपित गलत कालों का औसत 2.8 प्रतिशत है। वर्तमान निःशुल्क कालों की संख्या इससे काफ़ी ऊपर है। और अधिक इलेक्ट्रोनिक टेलीफ़ोन एक्सचेंजों और पुश बटन उपकरणों की शुरुआत के साथ, गलत कॉलों की संख्या और अधिक कम होने की संभावना है। अतः इस बात को लेकर निःशुल्क कालों में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

नए डाकघर तथा शाखा डाकघर खोलने के लिए लक्ष्य

*293. **श्री राम नरेश यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1990-91 में नए डाकघर तथा शाखा डाकघर खोलने के लिए कितना लक्ष्य रखा गया है और उस पर कुल कितनी राशि खर्च की जाएगी और साथ ही इन डाकघरों के लिए कितने कर्मचारियों की आवश्यकता होगी; और

(ख) डाकघरों तथा कर्मचारियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) वार्षिक योजना 1990-91 में ग्रामीण क्षेत्रों में 1,000 नए अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और औद्योगिक क्षेत्रों/परियोजना स्थलों/नई शहरों कालोनियों आदि में